दिनांकः 04.05.2025 समय : 09:00 ए.एम.

प्रादेशिक समाचार
आकाशवाणी जयपुर–अजमेर

- प्रदेशभर में कल कई स्थानों पर आंधी–बारिश की गतिविधियां–कुछ जगहों पर ओलावृष्टि के समाचार–तेज़ गर्मी से राहत मिली।
- मेडिकल प्रवेश परीक्षा–नीट यूजी आज–निष्पक्ष और पारदर्शी परीक्षा के लिए किये गये आवश्यक इंतज़ाम।
- शिक्षा मंत्री मदन दिलावर ने कहा–घुमंतू और पशुपालकों के बच्चों को शिक्षा से जोड़ने को लिए मोबाइल स्कूल चलाए जाएंगे।
- मुंबई में चल रहे वेव्स सम्मेलन का आज समापन–अंतिम दिन फिल्म निर्माण पर कई सत्र आयोजित होंगे।

पश्चिमी विक्षोभ के असर से प्रदेश के अधिकांश स्थानों पर कल आंधी के साथ बारिश हुई। कुछ स्थानों पर ओले भी गिरने के समाचार हैं। राजधानी जयपुर, दौसा, टोंक और आस–पास के इलाकों में दोपहर बाद मौसम ने पलटा खाया और ठंडी हवाओं के साथ बारिश हुई। शेखावाटी क्षेत्र के जिलों में भी तेज अंधड़ के साथ बारिश हुई। वहां कई जगहों पर ओलावृष्टि हुई।
पश्चिमी और सीमावर्ती जिलों में भी कल बरसात की गतिविधियां दर्ज की गईं। जोधपुर, पाली और जालौर में आए तेज अंधड़ से जनजीवन प्रभावित हुआ है। कई जगहों पर शादी समारोह में टेंट शामियाने उखड़ गए। बाड़मेर और आस–पास के स्थानों पर तेज हवा के साथ बारिश हुई और कुछ स्थानों पर चने के आकार के ओले गिरे। हमारे संवाददाता ने बताया कि मौसम का मिजाज बदलने से लोगों को बढ़ती गर्मी से राहत मिली है।

...............

अजमेर तथा भीलवाडा जिलों में भी कल कई जगह बारिश के समाचार हैं। भीलवाडा से हमारे संवाददाता ने बताया कि जिले के आसींद, करेड़ा, रायला, मांडलगढ में कई स्थानों पर तेज बारिश के साथ ओलावृष्टि हुई।

...............

अभी तक हीटवेव की मार झेल रहे फलौदी, चूरू और आस–पास के जिलों में भी बढते तापमान से लोगों को निजात मिली है। फलौदी में दिनभर पडी तेज गर्मी के बाद शाम को वहां राहत की बारिश से मौसम खुशगवार हो गया है। इधर, तेज हवाओं और अंधड के कारण राज्य में कई स्थानों बिजली के खम्भे गिरने से बिजली आपूर्ति बाधित रही। बहुत सी जगहों पर पेड उखड गए और कच्चे मकान भी ढह गए।

मौसम विभाग ने प्रदेश में आगामी तीन चार दिन आंधी–बारिश का दौर चलने की संभावना जताई है। विभाग के अनुसार विक्षोभ के सक्रिय बने रहने से आकाशीय बिजली के साथ हल्की से मध्यम दर्जे की बारिश होने की प्रबल संभावना है।

...............

मेडिकल प्रवेश परीक्षा—नीट यूजी आज आयोजित की जा रही है। यह परीक्षा देशभर के पांच हज़ार से ज़्यादा केंद्रों पर दोपहर 2 से शाम 5 बजे तक ली जाएगी। इसके अलावा विदेशों में भी परीक्षा के लिए 13 शहरों में केन्द्र बनाए गए हैं। राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी—एनटीए के अनुसार, परीक्षा के लिए 22 लाख से अधिक विद्यार्थियों ने पंजीकरण कराया है। एनटीए ने विद्यार्थियों से परीक्षा से संबंधित भ्रामक सूचना पर ध्यान नहीं देने और एनटीए की वेबसाइट पर उपलब्ध सूचना पर ही भरोसा करने की अपील की है।
इधर, प्रदेश में परीक्षा को निष्पक्ष और पारदर्शी बनाए रखने के लिए व्यापक इंतजाम किये गये हैं। राजस्थान सार्वजनिक परीक्षा अधिनियम के तहत परीक्षा में नकल और अनुचित साधनों के प्रयोग को रोकने और गाइडलाइन की पालना के लिए विशेष टीमें गठित की गई हैं।

परीक्षार्थियों को तय समय पर केन्द्र पर पहुंचने, नवीनतम फोटोयुक्त एडमिट कार्ड कम सेल्फ डिक्लेरेशन अंडरटेकिंग को साथ लेकर आने को कहा गया है। इसके अलावा एक समानांतर पासपोर्ट साइज फोटो भी लाना जरूरी होगा। परीक्षार्थी को अपने हस्ताक्षर परीक्षक के सामने ही करने होंगे, जबकि बाएं हाथ के अंगूठे का इंप्रेशन घर से लगाकर लाना होगा।

इसके अलावा आधार कार्ड की ओरिजिनल अपडेटेड कॉपी भी साथ लानी होगी। परीक्षा के लिए पेन भी सेंटर पर ही दिया जाएगा। परीक्षार्थियों को साधारण हल्के कपडे पहनकर आने और घड़ी, मोबाइल तथा मेटलिक वस्तुएं साथ नहीं रखने की हिदायत दी गई है।

राजधानी जयपुर के 90 केन्द्रों पर आयोजित होने वाली परीक्षा में 36 हजार से अधिक परीक्षार्थी पंजीकृत हैं। जिला कलेक्टर डॉ. जितेन्द्र कुमार सोनी ने बताया कि परीक्षा के सफल आयोजन के लिए 6 शहर समन्वयक और 90 केन्द्र अधीक्षकों की नियुक्ति की गई है। उधर, शिक्षा नगरी कोटा में देशभर से आकर नीट परीक्षा की तैयारी कर रहे विद्यार्थियों को परीक्षा के दौरान असुविधा नहीं हो, इसके लिए जिला प्रशासन ने माकूल इंतजाम किये हैं।

...............

प्रदेश में घुमंतू और पशुपालकों के बच्चों को शिक्षा से जोड़ने को लिए मोबाइल स्कूल चलाए जाएंगे। इन स्कूलों में शिक्षक, पाठ्यसामग्री और अन्य सुविधाओं के साथ ऐसे परिवारों के बच्चों को उनके रहवास स्थल पर ही पहुंचकर पढ़ाया जाएगा। शिक्षा मंत्री मदन दिलावर ने कोटा के रामगंज मंडी में एक कार्यक्रम के दौरान बताया कि राज्य सरकार सभी को शिक्षा सुलभ करवाने के लिए प्रतिबद्ध है।

.............

निरामय राजस्थान के लिए प्रदेशभर में चलाए जा रहे ग्रीष्मकालीन मिलावट विरोधी अभियान के तहत पहले चरण में खाद्य पदार्थों के छह हजार से अधिक नमूने लिए जा चुके हैं। ये लक्ष्य तय समय से पहले ही हासिल कर लिया गया है। चिकित्सा और स्वास्थ्य विभाग की प्रमुख शासन सचिव गायत्री राठौड़ ने बताया कि गर्मी के मौसम में मिलावट और खाद्य पदार्थों की गुणवत्ता के प्रभावित होने के मामले अधिक सामने आते हैं। इसे देखते हुए ये विशेष अभियान चलाया जा रहा है। अभियान के तहत डेयरी उत्पाद, बर्फ, पेय पदार्थ, मिठाइयों की निर्माण इकाइयों पर विशेष फोकस किया गया है। एक मई तक 11 सौ 40 निर्माण इकाइयों का निरीक्षण किया गया। अनियमितता पाई जाने पर करीब 42 इकाइयों के यहां जब्ती की गई। खाद्य पदार्थों को नष्ट करवाया गया। इसी तरह पौने चार सौ खुदरा विक्रेताओं के यहां भी जांच की गई। इसके अलावा बस स्टेण्ड, रेलवे स्टेशन और राजमार्गों पर स्थित ढाबों और होटलों पर आकस्मिक जांच कर नमूने लिये गये।

...............

वेव्स–सम्मेलन –अंतिम दिन

मुंबई में चल रहे वर्ल्ड ऑडियो विजुअल एंटरटेनमेंट समिट–वेव्स का आज समापन हो रहा है। आज अंतिम दिन फिल्म निर्माण पर कुछ सत्र होंगे और सांस्कृतिक कार्यक्रम भी होगा। चार दिन के इस सम्मेलन का उद्घाटन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गुरुवार को किया था।
'कनेक्टिंग क्रिएटर्स, कनेक्टिंग कंट्रीज' टैगलाइन वाला यह शिखर सम्मेलन भारत को मीडिया, मनोरंजन और डिजिटल नवाचार के लिए वैश्विक केंद्र के रूप में स्थापित करने का एक प्रयास था। आयोजन में 90 से अधिक देशों के दस हजार से अधिक प्रतिनिधि शामिल हुए हैं। इस बीच, केंद्रीय सूचना और प्रसारण राज्य मंत्री डॉक्टर एल. मुरुगन ने कल सामुदायिक रेडियो सम्मेलन के दौरान 10वें राष्ट्रीय सामुदायिक रेडियो पुरस्कार प्रदान किए। इस अवसर पर 12 उत्कृष्ट सामुदायिक रेडियो स्टेशनों को सम्मानित किया गया।

...............